TENDER HEART HIGH SCHOOL

कक्षा : 5 विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय : अपठित गद्यांश , पुस्तक : भाषा किरण (पाठ - 21)

Teacher - Ms. Roma Rani

विद्यार्थियो ! आज हम अपठित गद्यांश के बारे में पढ़ेंगे। अपठित गद्यांश के बारे में पढ़ने से पहले हम अपठित गद्यांश का अर्थ जानेंगे। अपठित का शाब्दिक अर्थ है — 'अ+पठित' अर्थात् जो पहले पढ़ा गया न हो। 'गद्य + अंश' अर्थात् वह भाग जो गद्य में लिखा गया हो। इस प्रकार, अपठित गद्यांश का अर्थ है - एक ऐसा गद्यांश खंड जिसे पहले कभी नहीं पढ़ा गया हो। यह गद्य खंड किसी भी अन्य कहानी, लेख, निबंध, उपन्यास या किसी के भावों और विचारों से लिया जा सकता है। अपठित गद्यांश को पढ़ने से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है।

* गद्यांश का उत्तर देते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए —

- उत्तर लिखने से पूर्व गद्यांश को बार-2 ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए गद्यांश में से चुनें।

Scanned with CamScanner

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : अपठित गद्यांश पुस्तक : भाषा किरण
पाठ-21 (पेज नं. 124-128)

Teacher - Ms. Roma Rani

★ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (नोट बुक में लिखो)

विद्या प्राप्त करने वाला विद्यार्थी कहलाता है। आदर्श विद्यार्थी वह है जो स्वभाव से ही विद्या अनुरागी तथा अनुशासित हो। आदर्श विद्यार्थी 'सादा जीवन : उच्च विचार' में विश्वास रखता है। वह व्यर्थ की बातों में अपना समय नष्ट नहीं करता। सदाचार और आत्मनिर्भरता आदर्श विद्यार्थी के गुण हैं। आदर्श विद्यार्थी समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करता है। वह समाज के उपेक्षित वर्ग की हर संभव सहायता करता है। उसका व्यवहार सदा ही प्रशंसनीय होता है।

प्र०1 विद्यार्थी कौन कहलाता है?
उ०-

प्र०2. आदर्श विद्यार्थी किसमें विश्वास रखता है?
उ०-

प्र०3 आदर्श विद्यार्थी किन बातों में अपना समय नष्ट नहीं करता?

Scanned with CamScanner

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : अपठित गद्यांश पुस्तक : भाषा किरण
पाठ 21 (पेज नं. 124-128)

Teacher = Ms. Roma Rani

प्र०4. आदर्श विद्यार्थी किसके प्रति कर्तव्य का पालन करता है?

उ०-

प्र०5 आदर्श विद्यार्थी का व्यवहार कैसा होता है?

उ०-

गृहकार्य → विद्यार्थी अपठित गद्यांश को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में लिखेंगे तथा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करेंगे।

Note for the Parents— अभिभावकों से आग्रह है कि अपठित गद्यांश को दो-तीन बार उच्च स्वर में पढ़कर विद्यार्थियों को सुनाएं। बच्चों को स्वयं भी गद्यांश पढ़ने के लिए कहें ताकि वे अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम हो सकें। अपठित गद्यांश 'भाषा किरण' पुस्तक में पेज नं० (124 से 128) पर दिया गया है। पेज नं० 126 पर दिया गया अभ्यास कार्य भी हल करने का प्रयास करें। विद्यार्थी अभ्यास कार्य का केवल (क) भाग ही करेंगे।

Last Page

Kreator

Scanned with CamScanner